BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 03 अगस्त, 2025 **थाना औरंगाबाद**

हत्या की घटना में संलिप्त 02 अभियुक्त, कब्जें से आलाकत्ल पिस्टल, अवैध तमंचा व कारतूस बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 01.08.2025 की रात्रि थाना औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दौलताबाद में संजय कुमार पुत्र विजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम दौलताबाद थाना औऱंगाबाद जनपद बुलन्दशहर अपनी मोटरसाईकिल से अपने ताऊ के लड़के जितेन्द्र के साथ गांव मे से ही अपने घर आ रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा संजय को गोली मारकर हत्या कर दी गयी। इस सम्बन्ध में थाना औरंगाबाद पर मुअसं 246/25 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के शीघ्र खुलासे हेतु टीमे गठित की गयी थी इसी क्रम में आज दिनांक 03.08.2025 को स्वाट टीम व थाना औरंगाबाद पुलिस द्वारा प्रकाश में आये दो अभियुक्तों को कसौली नहर पुलिया के पास से आलाकत्ल पिस्टल, अवैध तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना औरंगाबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- विशाल पुत्र सोनेन्द्र उर्फ सोनी निवासी ग्राम दौलताबाद थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर।

2- मुकुल पुत्र धर्मेन्द्र निवासी ग्राम दौलताबाद थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1. 01 पिस्टल मय 05 जिंदा कारतूस (आलाकत्ल)
2. 01 तमंचा 315 बोर मय 01 खोखा कारतूस(आलाक्तल खोखा)
3. 02 मोबाइल फोन
4. 04 चप्पल

हत्या का कारणः- अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि मृतक संजय के गांव की एक महिला के साथ अवैध सम्बन्ध थे। इसका बदला लेने के लिए अभियुक्तों ने मृतक की हत्या करने की योजना बनायी तथा दिनांक 01.08.2025 की रात्रि में जब मृतक गांव के एक दोस्त के घर से अपने घर वापस आ रहा था तो रास्ते में योजनानुसार अभियुक्ते ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी तथा वहां से फरार हो गये।

गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम -

1. श्री राहुल चौधरी, प्रभारी स्वाट टीम
2. है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ, है0का0 अनुज राठी, है0का0 अंकुर धामा,का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 सचिन चौहान, का0 श्याम सुंदर,का0 अमित कुमार

गिरफ्तार करने वाली थाना औरंगाबाद पुलिस टीम-

1. श्री वरुण कुमार शर्मा थानाध्यक्ष औरंगाबाद
2. व0उ0नि0 नरेश कुमार, उ0नि0 संदीप सिंह, उ0नि0 नीटू मलिक
3. है0का0 इमरान, का0 हेमन्त, का0 धीरज राठी

मीडिया सेल बलंदशहर